**खबर संक्षेप**

## व्यापारी के घर से लाखों की हुई चोरी

**उमरिया।** नगर के एक मोबाइल व्यापारी के यहां घर पर रखें 13 लाख 75000 रुपये बड़े ही रहस्यमय ढांचे चोरी हो गए हैं। चोरी की यह घटना शनिवार-रविवार की दरमियानी रात होने की जानकारी मिल रही है। इस बारे में मिली जानकारी के मुताबिक मोबाइल व्यापारी सुदेश सचदेव ने यह रकम अपने घर के कमरे में चार अलग-अलग बैगों में रख रखी थी। रात के समय अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर इस रकम को पार कर दिया। हालांकि घर के सीसीटीवी कैमरे में किसी व्यक्ति के घर में घुसने और निकालने की कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। लेकिन यह बताया जा रहा है कि सीसीटीवी में टॉर्च की रोशनी दिखाई पड़ रही है और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरी करने वाले लोग छत के ऊपर से घर में आए थे। सुदेश सचदेव का कहना है कि उनके मकान से कई अन्य मकानों की क्षति जुड़ी हुई है जिससे ऐसा हो सकता है कि चोर किसी अन्य मकान की छत से उनके घर में घुसने के बाद चोरी की घटना को अंजाम देकर वहां से सफाई के साथ लौट गया हो। थाना प्रभारी बालेंदु शर्मा का कहना है कि इस मामले की सूचना प्राप्त हुई है। सूचना के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान यदि कोई तथ्य पाए जाते हैं तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। 13 लाख 75000 एक बड़ी रकम है और इसका इस तरह से पर हो जाना निश्चित तौर पर बड़ी घटना है। पिछले दिनों कलेक्ट्रेट परिसर में रजिस्ट्री करने गए एक व्यक्ति की कार से भी इसी तरह लंबी रकम पर कर दी गई थी। जिसका भी अभी तक कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है।

## धीरेंद्र शास्त्री मामले में अंतरिम सुनवाई 11 जुलाई को

**शहडोल।** जिला अदालत में संदीप तिवारी बनाम धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री प्रकरण की सुनवाई 12 जून 2025 को नियत थी। यह मामला पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान दिए गए एक विवादास्पद बयान से संबंधित है, जिसमें उन्होंने कहा था कि महाकुंभ में हर व्यक्ति को आना चाहिए, जो नहीं आएगा वह पछताएगा और देशद्रोही कहलाएगा। इस बयान को लेकर अधिवक्ता संदीप तिवारी ने आपत्ति जताते हुए इसे भड़काऊ, असंवैधानिक और जनभावनाओं को आहत करने वाला बताया तथा शहडोल न्यायालय में एक आपराधिक परिवाद प्रस्तुत किया। सुनवाई में धीरेंद्र शास्त्री की ओर से उनके विधिक प्रतिनिधि उपस्थित हुए। उनकी ओर से पिछली सुनवाई में एक अंतरिम आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें निवेदन किया गया कि उन्हें परिवाद का उत्तर प्रस्तुत करने हेतु समय प्रदान किया जाए। इस पर आज परिवादी संदीप तिवारी द्वारा लिखित जवाब प्रस्तुत किया गया, उक्त आवेदन पर दोनों पक्षों की बहस के लिए माननीय न्यायालय ने अगली सुनवाई 11 जुलाई 2025 को नियत की है।

### विकसित भारत के लिए मोदी सरकार समर्पित: जायसवाल

# विकास प्रदर्शनी एवं प्रोफेशनल मीट का हुआ आयोजन




## नया भारत, नए विश्वास के साथ विश्व पटल पर खड़ा हो रहा

शहडोल।

भाजपा कार्यालय अटल निलय शहडोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि तक के अंतर्गत आयोजित किया जा रहे विभिन्न प्रकार के संगठनात्मक कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रोफेशनल मीट का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रोफेशनल मीटर में मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री, दिलीप जायसवाल सहित जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने मोदी सरकार के 11 वर्षां की उपब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। प्रोफेशनल मीट को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि विकसित भारत के लिए मोदी सरकार समर्पित है। आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है । विगत 11 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा को संकल्प बनाया, सुशासन को संस्कृति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। नया भारत नए विश्वास के साथ विश्व पटल पर खड़ा हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृत काल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में जनकल्याण और आम नागरिकों के जीवन को आसान करने के साथ-साथ देश को वैश्विक स्तर पर नए आयाम देने की भी दृढ़ इच्छा शक्ति कार्य कर रही है। दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इसमें युवा, महिला, किसान और सभी की बराबर की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जनकल्याण के हजारों हजार कार्य कर रहे हैं।

### भारत का बड़ा विश्व में सम्मान: विधायक

जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करमठता और जीवटतता हम सभी को एक नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे नेता हैं जो भारत माता के कल्याण के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हैं। उसी का परिणाम है कि आज भारत विश्व मानक पटल पर अपने गौरव और सम्मान को विश्व गुरु और सोने की चिडिय़ा बनने की ओर निरंतर अग्रसर है। श्रीमती मनीषा ने कहा कि नारी शक्ति बंधन अधिनियम के माध्यम से हमने देश की आधी आबादी महिलाओं को 33प्रतिशत का आरक्षण देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। वही 3 करोड़ से अधिक लखपति दीदी और 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोडऩे का ऐतिहासिक कार्य किया है। महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिला है। अमृतकाल की असली ताकत देश की युवा शक्ति है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नई शिक्षा नीति लाकर देश की माटी से युवाओं को जोड़ा है। आज देश में 23 एम्स, 8 आईआईएम, सात आईआईटी और 490 नई यूनिवर्सिटी बनकर तैयार हुई है। जिससे हमारे युवाओं का कौशल निरंतर निखर रहा है। पीएम कौशल विकास योजना के तहत 2 करोड़ से अधिक युवाओं को ट्रेनिंग दी गई है।

### विश्व गुरु बनाने की ओर कदम: जयसिंह

जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष देश के इतिहास के स्वर्णिम पल हैं। कांग्रेस के शासनकाल में देश 15वी अर्थव्यवस्था के पायदान पर टंगा हुआ था किंतु हमारी सरकार के 11 वर्षों के प्रयास से आज भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बनकर खड़ा हुआ है। भारत का मान सम्मान और स्वाभिमान विश्व की महाशक्तियां कर रही हैं। हमारे छात्रों के लिए युद्ध विराम होता है। रूस और यूक्रेन का युद्ध इसका उदाहरण है। पाकिस्तान के नागरिक भी तिरंगा हाथ में लेकर स्वदेश लौटे थे। जन कल्याणकारी योजनाओं एवं समाज के प्रत्येक वर्ग का विकास जीवन स्तर में बदलाव, यही मोदी सरकार की विशेषताएं हैं।

### भारत बना विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था: जिलाध्यक्ष

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मोदी सरकार ने सीमा सुरक्षित की, अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की और टेक्नोलॉजी को जन-जन तक पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए कृत संकल्पित है। इसके लिए आवश्यकता पडऩे पर देश की जनता ने देखा कि हमने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को पाकिस्तान के अंदर घुसकर ध्वस्त किया और आतंकवादियों का समूल नष्ट करने हेतु प्रयास हो रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण है भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढक़र 23622 करोड़ तक पहुंच गया है। उपस्थित जनों ने नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ समर्थन किया। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप आज भारत में है। हर व्यक्ति के स्वास्थ्य स्वास्थ्य की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना और ई संजीवनी जैसी जनकल्याण की योजनाएं संचालित है।

### 11 वर्ष की झांकी को दिखाने लगी प्रदर्शनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक 11 साल पूर्ण होने के उपलक्ष में 11 वर्षों की उल्लेखनीय उपलब्धियां को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन और अवलोकन राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारीगण, नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, व्यापारी सहित काफी संख्या में प्रोफेशनल्स उपस्थित रहे। विकास प्रदर्शनी के उद्घाटन के पूर्व पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में मुख्य वक्ता राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा विस्तारपूर्वक बताया गया। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा, विधायक मनीषा सिंह, विधायक जयसिंह मरावी, कार्यक्रम संयोजक भूपेन्द्र मिश्रा, जिला सह मीडिया प्रभारी सुनील मिश्रा एवं अरूण द्विवेदी उपस्थित रहे। अरूण द्विवेदी ने मंच संचालन किया एवं आभार प्रदर्शन जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता द्वारा किया गया।

### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमिता चपरा, राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, विधायक जयसिंह मरावी, जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा, जिला महामंत्री संतोष लोहानी, प्रबुद्ध जन प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजेश्वर उदानिया, प्रदेश सह संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ अमित मिश्रा, जिला मंत्री प्रकाश नारायण शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाण्डेय मंचासीन रहे।

### कलेक्टर और कमिश्नर के आदेशों की सरेआम अवहेलना

# तहसीलदार-पटवारी ने किया न्यायपालिका के आदेश का अपमान

उमरिया।

जिले में शासन और प्रशासन की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है, जहाँ तहसीलदार बांधवगढ़ और पटवारी उमरिया ने न केवल कलेक्टर के आदेश को नजरअंदाज किया, बल्कि उच्च न्यायालय के आदेश को भी दरकिनार करते हुए विवादित भूमि खसरा नंबर 47/1/1 में मनमाने तरीके से नामांतरण कर दिया। देवेंद्र तिवारी ने न्याय की गुहार लगाते कलेक्टर से मिलकर लिखित आवेदन के साथ अपनी व्यथा सुनाई, जिसमें कलेक्टर द्वारा तथ्यों के आधार पर 09 जून को जारी आदेश में साफ निर्देशित किया गया था कि एडीजे कोर्ट के 17 मई 2025 के आदेश का पालन किया जाए और तहसीलदार तथा एसडीओ के पूर्व के आदेशों पर तत्काल प्रभाव से स्थगन लगाया जाए। इतना ही


न्यायालय कलेक्टर, जिला-उमरिया (म.प्र.)

नहीं पूर्व में कलेक्टर द्वारा 05 जून 2025 को 18 जून 2025 तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने का टेलीफोनिक आदेश भी तहसीलदार को दिया गया था।

इसके अलावा कमिश्नर द्वारा भी 05 जून 2025 को एसडीएम बांधवगढ़ को टेलीफोन के माध्यम से निर्देशित किया गया था कि 18 जून तक कोई भी कार्यवाही न की जाए। इसके बावजूद इन दोनों उच्चाधिकारियों के आदेशों को अनदेखा कर तहसीलदार बांधवगढ़ ने पटवारी उमरिया के साथ मिलकर जबरन देवेंद्र कुमार तिवारी की भूमि पर शोभा बाई का नाम दर्ज कर दिया।

### प्रशासनिक मनमानी या सत्ता का दबाव?

यह घटना न सिर्फ न्यायपालिका के आदेश की अवहेलना है, बल्कि यह प्रशासनिक अराजकता का जीता-जागता उदाहरण भी है। इससे यह गंभीर सवाल उठता है कि क्या तहसीलदार और पटवारी के लिए कलेक्टर और कमिश्नर के आदेश कोई मायने नहीं रखते? क्या यह निर्णय किसी दबाव में लिया गया या फिर सत्ता के संरक्षण में प्रशासनिक मनमानी को अंजाम दिया गया? क्या यह न्यायिक आदेशों की खुलेआम अवहेलना की नई परंपरा बनती जा रही है?

### देवेंद्र लगा रहा न्याय की गुहार

देवेंद्र कुमार तिवारी ने उच्च अधिकारियों से इस मनमानी और अवैध कार्यवाही के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब खुद प्रशासन के आदेशों को उनके अधीनस्थ अधिकारी ही न मानें, तो आम आदमी की न्याय की उम्मीद कहां टिकती है? अब देखना यह है कि क्या प्रशासन अपनी साख बचाने के लिए दोषियों पर कार्रवाई करेगा या यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा?

# कुपोषण से जंग आर.बी.एस.के. के संग

### आर.बी.एस.के. टीम की समझाइश के बाद कुपोषित बच्चे का किया गया उपचार



**शहडोल।** कुपोषण से जंग आर.बी.एस.के. के संग जिले को कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन पर स्वास्थ के मैदानी अमले द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे है। जिला प्रबंधक आर.बी.एस. के. श्रीमती कंचन पटेल ने बताया कि आर.बी.एस. के टीम डॉ. प्रियंका की अगुवाई में जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम कुकरौंध क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कुपोषित बच्चा मिला जिसे एन.आर.सी. मे भर्ती करने की सलाह दी गई। लेकिन काफी समझाने के बाद भी बच्चे के परिजन उसे एन.आर.सी. गोहपारू में भर्ती करने की तैयार नही हुये। तत्पश्चात आर.बी.एस. के.टीम और ग्राम पंचायत सरपंच के काफी समझाइश के बाद बच्चे को जिला अस्पताल के पी.आई.सी.यू. भर्ती कर उपचार किया गया । अब बच्चा पूर्णतः स्वस्थ्य है तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निगरानी में है।

## बीएलओ अब अपने ही मतदान केन्द्र का मतदाता होगा

**शहडोल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 23 मई 2025 को दिल्ली में आयोजित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में दिये गये निर्देशानुसार किसी भी मतदान केन्द्र में नियुक्त किया जाने वाला बी.एल.ओ. (बूथ लेवल अधिकारी) अब उसी मतदान केन्द्र का मतदाता होना चाहिए। संबंधित विधानसभा क्षेत्र का ई.आर.ओ. (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) किसी मतदान केन्द्र के लिए राज्य सरकार या स्थानीय सरकार के किसी भी समूह के सी श्रेणी और उसके ऊपर के नियमित सेवारत कर्मचारियों में से उस केन्द्र का मतदाता होने पर बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। इस आशय की जानकारी मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक में दी। शहडोल एनआईसी के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, ईआरओ सोहागपुर अरविंद शाह, निर्वाचन सुपरवाईजर संजय खरे उपस्थित रहे। शेष सभी ईआरओ वर्चुअल रूप से जुड़े रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी तीन बिंदुओं के एजेण्डे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उस मतदान केन्द्र में नियमित राज्य, स्थानीय सरकारी कर्मचारी नहीं मिलने पर संबंधित ई.आर.ओ. द्वारा हस्ताक्षरित और डीईओ द्वारा प्रति हस्ताक्षरित एक गैर उपलब्धता प्रमाण पत्र (अनुबंध-1) भरवाकर आंगनवाडी कार्यकर्ता, अनुबंध शिक्षकों अथवा केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बीच बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। यदि इन दोनों स्थितियों में बीएलओ की पूर्ति नहीं हो रही तब इन कर्मचारियों की अनुपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र का ईआरओ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पूर्व अनुमोदन से उस क्षेत्र में कार्यरत अन्य कर्मचारियों की श्रेणी से बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। किसी भी अन्य मामले में सीईओ के माध्यम से आयोग से पूर्व अनुमोदन अनिवार्य होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आयोग के निर्देशानुसार 13 जून तक सभी मतदान केन्द्रों के लिए बीएलओ की मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश ईआरओ को दिये हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अब एक मतदान केन्द्र में अधिकतम 1200 मतदाता ही शामिल रहेंगे। पहले यह मतदाता संख्या 1500 थी।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के फालोअर्स भी बढाने के संबंध में चर्चा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ, शासकीय सेवक इन प्लेटफार्म से जुडे। मतदाताओं की जागरूकता के लिए ग्रुप एम्बेसडर, एएलसी ग्रुप एवं बूथ लेवल के अधिकारी, जागरूकता मंच सक्रिय रहे। उन्होंने जिला स्तर पर भी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया, इन्फ्लुएंसर, आजीविका समूह तथा सामाजिक संगठनों को भी

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं MANDEEP KAUR DUA W/O GURPREET SINGH DUA निवासी Adarsh Colony Dhanpuri District Shahdol, Madhya Pradesh कथन करती हूं की मेरी शादी से पूर्व मेरी दसवीं और बारहवीं के सर्टिफिकेट पर मेरा नाम MANDEEP CHAWLA लिखा है जिससे मैंने बदल कर MANDEEP KAUR DUA कर लिया है अतः मुझे MANDEEP KAUR DUA W/O GURPREET SINGH DUA से जाना वह पहचाना जाए।
पूर्व नाम - Mandeep Chawla
पति - Gurpreet Singh Dua
परिवर्तित नाम-Mandeep Kaur Dua
पति - Gurpreet Singh Dua

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर जिला शहडोल, म.प्र.**

प्र.क्रमांक / 250 / अपील / 2019-20
ओरियन्ट पेपर मिल्स अमलाई जरिये मुख्तयार आम पी. के. लखेरा विधिक अधिकारी ओपीएम अमलाई तहसील बुढार जिला शहडोल म.प्र. ।
अपीलार्थी
बनाम श्रीमती कुमुद सिन्हा पत्नी शोमकान्त सिन्हा निवासी शास्त्रीनगर वार्ड नं. 18 बुढार रोड शहडोल तहसील सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. ।
उत्तरवादी
अपीलार्थी ओरियन्ट पेपर मिल्स अमलाई जरिये मुख्तयार आम पी. के. लखेरा विधिक अधिकारी ओपीएम अमलाई तहसील बुढार जिला शहडोल म.प्र. द्वारा तहसीलदार बुढार जिला शहडोल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 15/अ-70/2018-19 संलग्न प्रकरण क्रमांक 113/अ- 74 / 2016-17 आदेश दिनोंक 06.12.2019 के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 44 (1) भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत अपील पेश की गई। प्रस्तुत अपील में सुनवाई हेतु उत्तरवादी की उपस्थित हेतु विचाराधीन है।
अतएव उत्तरवादी को जरिये सार्वजनिक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम सूचित किया जाता है कि वे दिनोंक 18.6.25 को समय 10.30 बजे अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर जिला शहडोल म.प्र. के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित हो । नियत पेशी दिनांक पर उपस्थित न होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।
अनुविभागीय अधिकारी
सोहागपुर, जिला शहडोल म.प्र.

**विचारपुर फुटबाल टीमों की मुख्यमंत्री ने की सराहना**

# फुटबाल टीमों को 10 लाख रूपए देने की घोषणा की

शहडोल।

प्रदेश के बच्चे खूब खेलें आगे बढ़ें, दुनिया भर में प्रदेश का नाम रोशन करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्यौहारी जनपद मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन के अवसर पर मिनी ब्राजील के नाम से विख्यात ग्राम विचारपुर के 10 फुटबाल टीमों के सदस्यों तथा कोच को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पॉडकास्ट के माध्यम से ग्राम विचार पुर की खेल प्रतिभाओं की सराहना पूरे दुनिया भर में की




है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फुटबाल टीमों को 10 लाख रूपए देने की घोषणा की, खिलाड़ी बच्चों की फुटबाल पर ऑटोग्राफ भी दिया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के बच्चों की पढ़ाई तथा खेल प्रतिभाओं को निखारने में सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। विचार पुर ग्राम के छात्र-छात्राओं की फुटबाल टीम तथा फुटबाल के प्रति उनके लगाव से मैं गदगद हूं। ये खिलाड़ी बच्चे अपने गांव तथा प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करें इन्हें मेरी शुभकानाएं है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी सुहानी कोल, सानिया कुंडे, सपना गुप्ता, पूनम बैगा, रागनी मरावी, सहायक संचालक खेल रईस अहमद एवं कोच अजय सोंधिया को खेल सामग्री एवं फुटबाल पर ऑटोग्राफ दिए।

## नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की मृत्यु दर कम करने बनाये रणनीति: आयुक्त



**शहडोल।** आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की मृत्यु दर कम करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाकर अमल करने के निर्देश संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टरों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। आपने निर्देश दिए कि गर्भवती माताओं का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना सुनिश्चित किया जाए। इन माताओं की नियमित चार बार जांच हो। दो जांचे चिकित्सों के माध्यम से कराई जाएं। संस्थागत प्रसव को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। प्रत्येक मौत की रिपोर्ट आनी चाहिए साथ ही मौत के कारणों का विश्लेषण भी किया जाना चाहिए। हाई रिस्क माताओं को प्रसव के पूर्व उपयुक्त अस्पतालों में रेफर किया जाए। गर्भवर्ती माताओं में आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयरन की गोलियां शुरू से ही सेवन करने को प्रोत्साहित किया जाए। संभाग के सभी कलेक्टर नियमित रूप से बैठक लेकर समीक्षा करें तथा कारणों का विश्लेषण कर कमियों को दूर कराएं। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह, अनूपपुर तन्मय वशिष्ट, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने नवजात शिशुओं एवं गर्भवती माताओं के मृत्यु के कारणों की जानकारी दी। उन्होंने सुझाव दिया कि गर्भवती माताओं का जल्दी पंजीयन, हीमोग्लोबिन की जांच तथा आवश्यकता पडऩे पर खून की उपलब्धता आवश्यक है।

# वृद्ध महिला से रेलवे सब्जी मंडी में नशेड़ी ने की अभद्रता



**शहडोल।** शराब के नशें लोग अपना आपा ही खो बैठते हैं। इन्हे मालूम ही नहीं होता कि सामने वाली महिला है या पुरुष । मामला नगर के रेल्वे सब्जी मंडी का है, जहां सुबह से सुदूर क्षेत्र से गांव वाले अपनी आजीविका चलाने के लिए यहां सब्जी बेचने आते हैं। यहां गांव की महिलाएं, बच्चे, नौजवान और सभी वर्ग के लोग सब्जी बेचने आते हैं। गुरूवार की सुबह 7 बजे लाल कलर की बाइक से एक युवक नशे की हालत में गाड़ी चलाते किसी कदर रेलवे सब्जी मंडी पहुंचा, युवक ने इतनी शराब पी रखी थी कि तरीके से गाड़ी ही नहीं चला पा रहा था, जहां मन करे गाड़ी खड़ा कर दे रहा था तो, कहीं बीच रास्ते में गाड़ी-खड़ी कर दे रहा था, किसी कदर गाड़ी खड़ा कर एक सब्जी बेच रही वृद्ध महिला से जबरदस्ती करने लगें कहीं कुछ सब्जी उठा ले रहे थे तो, काफी देर तक मनमानी करते हुए वहां के लोगों ने इन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन अपने आप को पुलिस वाला बताते हुए दुनिया भर के कानून लोगों को सुना डाले, इसी बीच वृद्ध महिला का बेटा भी वहीं सामने सब्जी बेच रहा था, महिला को परेशान होते देख बेटे ने युवक से कहा कि क्यों भइया परेशान कर रहे हो, इतने में युवक ने कहा तू कौन है, मेरे को पहचानता है कि नहीं, घसीटते हुए जेल ले जाऊंगा और बीसो लाठी मारूंगा और कोई नहीं बोलेगा, इतनी धमकी देने के बाद फिर महिला ने अपने बेटे को जाने को कह दिया, लेकिन उसके बाद भी युवक ने महिला से जबरदस्ती सब्जी उठाई और बहस करते हुए अपने गाड़ी की डिग्गी में डालते हुए चला गया, कुल मिलाकर गांव से रोजी-रोटी की जुगाड़ में आने वाले लोग ऐसे नशेडि़यों और दबंगों से सुरक्षित नहीं है। जागरूक लोगों ने पुलिस से मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामों में कृषि शिविरों का किया गया आयोजन



**शहडोल ।** खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ब्यौहारी जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान, डॉ. अल्पना शर्मा एवं डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम चचाई, बोड्डिहा, निपनिया, बाणसागर,पसगढ़ी, पपौंध, भन्नी, पपरेड़ी तथ सरसी मे कृषि शिविरो का आयोजन कर कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई। खेती की उन्नत तकनीक, फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई।

### नाबालिक बालिका को 12 घंटे के भीतर दस्तयाब

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना में 11 जून को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया गया था कि, उसकी 12 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में उक्त नाबालिक बालिका की तत्परता से पता तलाश कर 12 घंटे के भीतर बिलासपुर छ.ग. से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### अवैध रेत परिवहन करते वाहन धराया

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही का निर्देश अधीनस्थ स्टाफ को दिया जा रहा है, उसी क्रम में पुलिस को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वाले 02 ट्रेक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त की गई। ब्यौहारी पुलिस ने 11 जून को कस्बा भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि ग्राम देवगांव का एक व्यक्ति तेजभान शुक्ला एक ट्रैक्टर में अवैध रेत लोड कर भमरहा नदी से कृषि उपज मंडी ब्यौहारी तरफ ले जा रहा है। जिस पर पुलिस द्वारा तस्दीक हेतु कृषि उपज मंडी पहुंचे जहां एक ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली के मिला चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम तेजभान शुक्ला पिता रामकिशोर शुक्ला उम्र 50 वर्ष निवासी देवगांव का रहना बताया। पुलिस द्वारा उक्त रेत के संबंध दस्तावेज मांगने पर चालक ने कोई दस्तावेज होना नही बताया। जिस पर पुलिस द्वारा चालक के कब्जे से ट्रैक्टर मय रेत लोड ट्राली के जप्त कर आरोपी चालक के विरूद्ध बीएनएस. एवं खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# बाल मजदूरी कराने वाले को लगेगा जुर्माना

## विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम



**शहडोल।** विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.केदार सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रम निरीक्षक श्रीमती चरणा गुप्ता ने बताया कि बाल मजदूरी करवाना कानूनी अपराध है, 14 साल से कम उम्र का बच्चा मजदूर के रूप में काम नहीं कर सकता, बाल मजदूरी करवाने वाले व्यक्ति को 2 साल तक जेल की सजा हो सकती है, बाल मजदूरी कराने वाले को 20 हजार रूपये से लेकर 50 हजार रूपये तक का जुर्माना हो सकता है, इस कानून के तहत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिन्हे 'किशोर' कहा जाता है. खतरनाक व्यवसाय एवं उद्योगों में काम नहीं कर सकते है, 14 साल से कम उम्र का बच्चा अपने परिवार में मदद कर सकता है, बशर्ते वह व्यवसाय खतरनाक नहीं हो। यह काम भी बच्चा स्कूल से आने के बाद या छुट्टियों में ही कर सकता है,14 से 18 वर्ष के किशोर, खान, ज्वलन पदार्थ एवं खतरनाक प्रक्रियाओं में काम नहीं कर सकता है, खतरनाक व्यवसाय, जैसे ऑटोमोबाइल वर्कशॉप / गैराज, सर्कस, हाथियों की देखभाल, साबुन बनाना, अगरबत्ती बनाना, कचरा उगना और कबाड़ चुनना, चूना तथा घरेलू श्रम सहित अन्य 86 व्यवसाय एवं प्रक्रियाओं में काम नहीं कर सकता है, इस कानून के तहत बाल श्रम से संबंधित शिकायत कोई भी नागरिक पुलिस 100, चाइल्डलाइन 1098, पेंसिल पोर्टल पर कर सकता है। इसी प्रकार कार्यक्रम में बाल मजदूरी के संबंध में अन्य जानकारियां भी साझा की गई। इस अवसर पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल, डीपीसी अमरनाथ सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पिकअप दुर्घटना में घायल हुए लोगों को पहुंचाया अस्पताल



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में चार्कवाह गांव में पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 12 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 11 जून को रात्रि 08 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल ब्यौहारी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक पंकज मेहरा एवं पायलेट भानु प्रताप ने मौके पर पहुंचकर बताया कि पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 12 व्यक्ति घायल हो गए थे । डायल-112/100 जवानों ने सभी घायलों को एफ़ आर व्ही वाहन एवं प्राइवेट वाहन से ले जाकर ब्यौहारी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# जमुना कोतमा में एसईसीएल का विद्युत यांत्रिकी विभाग बना 'लूट विभाग'

**हरिभूमि न्यूज, जमुना/बदरा।** एसईसीएल की जमुना कोतमा खदान में अगर कोई सबसे खतरनाक बीमारी फैल रही है, तो वह है भ्रष्टाचार की महामारी और इसके मुख्य वाहक हैं खुद विभाग प्रमुख दयाल, जिन्होंने पूरे विद्युत यांत्रिकी विभाग को कमीशनखोरी का चार्जिंग स्टेशन बना दिया है।




## लोकल परचेज, खुला लूट बाजार

जहाँ खदान के श्रमिक मशीन खराब होने से सिर पकड़ कर बैठ जाते हैं, वहीं साहब अपने घर में लोकल परचेज के नाम पर लाखों की फर्जी बिलिंग से एसी ठंडा कर रहे हैं। मशीनें चलें या न चलें, उत्पादन ठप हो या ज़ीरो पर पहुँचे इनको फर्क नहीं पड़ता, जब तक कमीशन की गाड़ी पटरी पर दौड़ रही है। मशीनें मरती जा रही हैं पर साहब की जेब मोटी होती जा रही है। जिन मोटर्स और मशीनों की मरम्मत एरिया वर्कशॉप में मुफ्त या न्यूनतम खर्च में हो सकती है, उन्हें जानबूझकर बाजार भेजा जा रहा है। कारण बिल फुल बनाओ – पैसा आधा अपना। मामला सीधा-सीधा कमीशनखोरी का है। काम नहीं, किकबैक चाहिए। खदान को नुकसान हो रहा है। इनको क्या।

## कॉलोनी अंधेरे में, अधिकारी मालामाल!

जमुना कोतमा की कॉलोनियों में बिजली नाम की चीज़ सिर्फ कागज़ों में है। श्रमिक दिन भर की थकान के बाद न तो चैन से सो पा रहे हैं, न ही सुबह ड्यूटी जाने की हालत में होते हैं। और उधर दफ्तरों में भ्रष्टाचार के बल्ब 24 घंटे जल रहे हैं। उत्पादन लगातार गिर रहा है। मशीनें हर रोज़ ब्रेकडाउन पर हैं। लेकिन विद्युत यांत्रिकी विभाग के कर्ताधर्ता अब भी माल कहाँ से आये" में लगे हैं। क्या जमुना कोतमा में कोई जवाबदेही नाम की चीज़ है। क्या ऊपर बैठे अधिकारी इस लूट को देख नहीं रहे या जानबूझकर आँखें मूंद ली हैं। अगर यही हाल रहा, तो खदान बचेगी नहीं सिर्फ़ रिश्वतखोरों का महल खड़ा रहेगा। जमुना कोतमा की जनता, कर्मचारी और श्रमिक अब चुप नहीं बैठेंगे यह लड़ाई सिर्फ कोयले की नहीं, ईमानदारी और हक की है।

# कोतमा अस्पताल परिसर में किया गया पौधा रोपण



**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता हैं। इसी संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा डीएमसी में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कोतमा अस्पताल में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉ बेबी नाज, टीबी लैब टेक्नीशियन मो. हनीफ़ खान, रेडियोग्राफर इशरत जहाँ, मंजू केरकेट्टा, श्यामवाती पेन्द्राम, सुशीला सिंह, फूल सिंह ओटी, शिवकुमार नामदेव, ज्योति गुप्ता, धनन्जय नवरंग आदि स्टॉफ द्वारा सामुहिक रूप से कोतमा अस्पताल परिसर में पौधा रोपण का कार्य किया गया। अनूपपुर सीएचएमओ डॉ आर के वर्मा, जिला टीबी ऑफिसर डॉ एस सी राय, कोतमा सीबीएमओ डॉ मनोज सिंह द्वारा भी इस नेक कार्य की प्रसंसा की गई और लोगो से भी अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की गई। जिससे वातावरण शुद्ध रहे और शुद्ध हवा व ऑक्सीजन लोगो को मिल सके।

# बाल श्रम के सभी खतरनाक स्वरूपों को खत्म करने की प्रतिबद्धता



**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम कर रहे संगठन होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट (हार्ड) ने कहा कि बाल अधिकारों के मोर्चे पर जिला प्रशासन व नागरिक समाज में जो सजगता व समन्वय दिख रहा है, उससे यह विश्वास जगता है कि हम जल्द ही बाल श्रम मुक्त अनूपपुर जिला का सपना साकार होते देखेंगे। संगठन ने कहा कि पिछले एक साल में जिला प्रशासन के सहयोग से उसने जिले में बाल श्रम के खिलाफ अभियान संचालित किया गया।होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एण्ड डेवेलपमेंट (हार्ड) देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के नागरिक समाज के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। जो बाल श्रम से बच्चों को मुक्त करने एवं उनके पुर्नवास के लिये देश में सबसे बड़ा संगठन है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के राष्ट्रीय संयोजक रविकांत ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के कन्वेंशन 182 यानी बाल श्रम को रोकने की अंतरराष्ट्रीय संधि का हस्ताक्षर कर्ता देश है जिसमें बाल श्रम के सभी खतरनाक स्वरूपों को खत्म करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। भारत इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है जिस के सुखद परिणाम भी सामने आए हैं।

## भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों का अवकाश बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नौतपा की तपिश का प्रभाव वर्तमान में दिखायी दे रहा है । शासकीय शिक्षक संगठन के प्रान्ताध्यक्ष राकेश दुबे ने अनुरोध किया है कि यह विषम स्थिति बच्चों के लिए कष्टदायक तो होगी ही । यह केवल उदाहरण मात्र है, यह स्थिति अनेक विद्यालयों में है, ग्रामीण विद्यालयों में स्थिति और भी ज्यादा कष्टदायक है। भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए बच्चों का अवकाश एक सप्ताह और बढाने के निर्देश जारी करने की मांग की है ।

# की गई चेंबर की सफाई,गंदा बदबूदार पानी बहना हुआ बंद



**हरिभूमि न्यूजअमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के रामघाट स्थित सीवर लाइन के दो चैंबरों से विगत एक सप्ताह गंदा बदबूदार मैला पानी का रिसाव होकर पवित्र नर्मदा नदी में सीधे जा मिलने तथा जमा होने के चलते पर्यटक तीर्थ यात्रियों भक्त श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों हो रही समस्या परेशानी का समाचार प्रमुखता प्रकाशित किया गया था जिसके बाद प्रशासन जागृत हुआ तथा 11 जून को सीवर लाइन के कर्मचारियों ने सीवर लाइन के चैंबरों की सफाई का कार्य तत्परता से किया तथा सीवर लाइन में फंसे कचरो को निकाला गया जिससे नर्मदा में जा रहे गंदे पानी का रिसाव एवं बहती गंदा पानी की धारा बंद हुई। जिसके बाद नागरिकों ने तथा पर्यटक तीर्थ यात्रियों श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों ने राहत की सांस ली। घाट आना जाना पुनः निर्बाध ढंग से शुरू हो गया।

# बेतरतीब खड़े वाहन बन रहे दुर्घटना के कारण



## समस्या समाधान का नहीं किया जा रहा ठोस प्रयास

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के आमाडांड ओसीपी के गेट एवं बैंकर के नीचे तथा मुख्य सड़क के दोनों और रूट सेल वाहनों की अव्यवस्थित कतार किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। कोयला लोडिंग की प्रतीक्षा में खड़े ट्रक और अन्य भारी वाहन सड़क के आधे हिस्से पर बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं। जिससे न सिर्फ यातायात बाधित होता है बल्कि राहगीरों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। आमाडांड ओसीपी में कोयला उत्पादन के साथ साथ उसका परिवहन भी हो रहा है। परिणाम स्वरूप कालरी गेट पर ट्रकों की लंबी कतारें लगतीं हैं।जो नियमों को ताक पर रखकर सड़क पर अतिक्रमण कर लेते हैं।इस अव्यवस्था को देखने और सुधारने की फुरसत न तो जिला यातायात विभाग के पास है और ना ही कालरी प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नजर नही आते। आमाडांड ओसीपी के सामने से मनेन्द्रगढ से बिलासपुर तक जाने वाला मुख्य मार्ग होने के साथ ही एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आमाडांड बाजार करने भी दो पहिया एवं साइकिल से आना जाना करते हैं साथ ही दिन-रात सडक पर आवागमन बना रहता है सड़क के दोनों ओर भारी वाहन खड़े रहने के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है तथा दुर्घटना घटित होने का अंदेशा बना रहता है। साथ ही आसपास के गांवों के लोग रोजाना बड़ी संख्या मे गुजरते हैं। दिनभर की आवाजाही के बीच अगर ट्रक ऐसे ही खड़े रहे तो दुर्घटना की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय लोग वर्षों से इस समस्या को झेल रहे हैं, लेकिन समाधान की दिशा मे कोई ठोस प्रयास नही किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया लेकिन समाधान नही मिला। पूर्व में सड़क के दोनों और भारी वाहनों के जमावड़े के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है ग्रामीणों के द्वारा आंदोलन भी किया गया था। उसके बाद कुछ दिनों तक व्यवस्था ठीक हो गई थी लेकिन दोबारा से वही व्यवस्था शुरू हो गई है। बारिश के दिनों में तो सबसे ज्यादा परेशानी होती है। प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा इस पर गंभीरता से विचार करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करना चाहिए।

# अघोषित पार्किंग मे पुलिस ने की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा नगर में बेपटरी हो चुकी यातायात व्यस्था में सुधार लाने एवं करवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हाइवे यातायात प्रभारी विनोद दुबे द्वारा बुधवार एवं गुरुवार का नगर के मुख्य मार्गो एवं कन्या स्कूल के सामने बने अघोषित पार्किंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कारवाई की गई। यातायात हाईवे टीम द्वारा 6वाहनों पर कार्यवाही करने के 5 हजार का सम्मन शुल्क वसूला गया। बाजार क्षेत्र में सड़कों पर लगाए दुकानदारों को समझाइस भी दी गई। सूबेदार विनोद दुबे ने बताया कि अभियान निरंतर जारी रहेगा जिसके अंतर्गत बाजार क्षेत्र एवं सार्वजनिक जगहों पर वाहन को खड़ाकर आवागमन प्रभावित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए लगातार कार्यवाही की जाएगी वहीं दुकान एवं सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी मुहिम जारी रखी जाएगी। सभी व्यापारियों एवं वाहन चालकों से अपील है कि अपने-अपने दुकान व वाहनों को सड़क पर ना फैलाएं।



# किसान संघ ने किया विरोध प्रदर्शन, जल्द खरीदी चालू नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

## किसान संघ ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



सरकार के द्वारा घोषणा की गई थी ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उड़द की खरीदी सरकार के द्वारा नहीं की जाएगी इसको लेकर किसानों को चिंता सताने लगी किसानों ने इस निर्णय के विरोध में भारतीय किसान संघ के द्वारा हनुमान मंदिर के पास एकत्रित होकर नारेबाजी की गई और तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम निधि गोहल को ज्ञापन सौंप कर जल्द खरीदी चालू करने की मांग की है किसान संघ ने चेतावनी देते हुए बताया कि अगर जल्दी खरीदी चालू नहीं होती है तो किसान धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे और भारती किसान संघ किसानों के हित के लिए तत्पर है भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सतीश ज्योतिषी ने कहा कि किसान के द्वारा दिन-रात मेहनत कर इस भीषण गर्मी में मुंग उड़द की फसल तैयार की जाती है और किसने की यह सबसे महंगी फसल है जिसको तैयार होने में तो दो माह लगते हैं लेकिन देखरेख मेहनत पैसा किसानों का दोनों ही लगता है जिसके बाद यह फसल तैयार की जा रही और सरकार के द्वारा मूंग उड़द की खरीदी ना होने से बाजार में व्यापारियों के द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है एवं सस्ते दामों में फसल खरीदने से किसानों आर्थिक नुकसान होगा फसलों में लागत बहुत ही ज्यादा लगती है खरीदी बंद होने से किसान भाई बहुत परेशान है भारतीय किसान संघ ढीमरखेड़ा की ओर से किसान हित में उड़द एवं मूंग की शासकीय उपार्जन केंद्र मांग की है जिससे किसान व्यापारियों के शोषण से बच सके क्योंकि उड़द का समर्थन मूल्य शासन द्वारा 7400 प्रति क्विंटल है और मंडी में अधिकतम मूल ₹6000 प्रति क्विंटल किसानों से खरीदा जा रहा है जिससे किसानों को 1400 रुपए प्रति क्विंटल पर नुकसान हो रहा है एवं मूंग का समर्थन मूल्य 8650 है जबकि मंडी में अधिकतम खरीदी मूल्य ₹6500 से लेकर 7000 प्रति कुंतल खरीद जा रहा है जिससे किसानों को 1600 से 2000 प्रति कुंटल का नुकसान हो रहा है जिससे किसान की लागत भी नहीं निकल पा रही है।

**खबर संक्षेप**

## घेराबंदी कर पांच जुआरियों को भालूमाड़ा पुलिस ने दबोचा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की पुलिस टीम द्वारा 11 जून को मुखबिर की सूचना कि ग्राम पयारी में अंधेरे में मोबाईल की लाईट जलाकर कुछ जुआडियान 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो से हार- जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है जिस पर थाना भालूमाडा की स्टाफ ने अपनी तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर 05 जुआडियों को 52 ताश के पत्तों से जुआ खेलते पाये गये जिनके कब्जे व फड से तास के 52 पत्ते व नगदी 4520 रू. जप्त कर उनके विरुद्ध के अप.क्र 262/2025 धारा 13 जुआं एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी श्रवण कुमार पिता स्व गोणे लाल गुप्ता उम्र 45 साल, मनोज कुमार दुबे पिता राम खेलावन दुबे उम्र 37 साल, जगदीश प्रसाद केवट पिता मनीराम केवट उम्र 47 साल, बृजेश कुमार केवट पिता अमृत लाल केवट उम्र 29 साल, छंगे लाल गुप्ता पिता स्व श्री प्यारे लाल गुप्ता उम्र 65 साल सभी निवासी ग्राम पयारी न 2 थाना भालूमाडा पकडे गये।

## मारुति के जोरदार टक्कर से बैलगाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल, मवेशी की मौत



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** गुरूवार की सुबह करीब 6 अनूपपुर की तरफ से आ रही मारुति बैलगाड़ी को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बैलगाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और बैलगाड़ी चारों तरफ टूट कर बिखर गया दूर-दूर तक जाकर गिरा। और बैलगाड़ी मवेशी तुरंत रोड पर खत्म हो गये। टक्कर इतना जबरदस्त था दूर-दूर तक आवाज गई तुरंत स्थानीय निवासी सैकड़ो लोगों में भीड़ जम गई और ड्राइवर से मारपीट होने लगा जिस पर पुलिस प्रशासन ने आकर शांत कराया। बैलगाड़ी मालिक द्वारा बताया जा रहा है करीब 50000 से ऊपर का नुकसान हुआ है और मेरा पुत्र गंभीर रूप से घायल है जो घर में एक ही कमाने वाला था मैं कई दिनों से बीमार हूं।

### न हवा न पानी, सिर्फ संचालकों की मनमानी

# अव्यवस्थाओं के बीच लुट रहे पेट्रोल के उपभोक्ता



### सुरक्षा संसाधनों का अभाव, नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में वर्तमान समय में सैकडों पेट्रोल पम्प संचालित हो रहे है। इन पेट्रोल पम्पों में कुछ तो नवीन है वहीं कुछ वर्षो पुराने है लेकिन यदि इनमें उपभोक्ताओं को दिये जा रहे सुविधाओं पर नजर दौड़ाई जाये तो सुविधा के नाम पर बस उपभोक्ताओं सहित कम्पनी को डीलर छल रहे है क्योंकि इनमें से अधिकांश पेट्रोल पम्प पर मूलभूत सुविधायें भी मौजूद नहीं है। यहां तक कि यदि यहां पर कोई अनहोनी घटित हो जाये तो उससे निपटने के लिये यह पेट्रोल पम्प पूरी तरह से नाकाम है और इस अंधेर गर्दी के साये में उपभोक्ताओं के सिर पर खतरा मंडरा रहा है लेकिन इन पूंजीपतियों के आगे जिला प्रशासन के हाथ इस तरह से दब चुके हैं कि बमुश्किल एक वर्ष में महज इक्का दुक्का पेट्रोल पम्प पर ही इनकी तिरछी निगाह पड़ी। पेट्रोल पम्प संचालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिये वैसे तो जिले में खाद्य एवं आपूर्ति महकमा तैनात है लेकिन विभाग ने भी आज तक इन पर कृपा दृष्टि बना रखी है। हैरत तो इस बात पर है कि लगभग हर रोज कम नापतौल की शिकायते मिलने के बाद भी विभाग ने इन शिकायते को गंभीरता से नही लिया।

### सुरक्षा संसाधनों का अभाव

वर्षो से संचालित इन पेट्रोल पम्पों में आज तक सुरक्षा संसाधनों का अभाव बना हुआ है न तो आग से निपटने के लिये अग्नि रोधक सिलेंडर लगे है और न कोई ठोस सुरक्षा के उपाय आबादी से भरे क्षेत्र शमसान में तब्दील हो सकते है, परंतु इन पर कोई रोक लगाने वाला नहीं है। जिले के कई पेट्रोल पम्प में ग्राहको को मिट्टी तेल तथा थिनर युक्त मिलावटी डीजल, पेट्रोल की आपूर्ति की जाती है जिससे वाहनों असमय रोग ग्रस्त हो जाते है। विभाग इस पर शिकायत का हवाला देकर अपना पल्ला झाड लेता है, प्रश्न यह है कि क्या अंधेर गर्दी को रोकने विभाग तभी जायेगा जब कोई शिकायत करें।

### न हवा न पानी

आवंटन के समय कम्पनी द्वारा पम्प मालिकों से सुविधा के लिये कहा जाता है, परंतु पेट्रोल पम्प के मालिको द्वारा ग्राहको की सुविधा का



ध्यान नहीं रख रहें है। इस तरह से कोई अगर अनहोनी हो जायें तो इसके बचाव के लियें कोई ठोस पहल नहीं होगी। नियम है कि ग्राहक को स्वच्छ पेयजल व बाथरूम सहित अन्य सुविधायें ग्राहक को मिलनी चाहिये, किन्तु किसी भी पेट्रोल पम्पों में इस तरह की व्यवस्था नहीं है इतना ही नहीं ग्राहकों को पेट्रोल लेते समय हवा व पानी धूप से बचने के लिये कोई सेट की व्यवस्था नहीं है। पेट्रोल पम्प में नियमतरू डिब्बे तथा कंटेनरों में पेट्रोल तथा डीजल बेचा जा रहा है और इस वजह से दूर्घटना की संभावना बनी रहती है। यदि यह डिब्बे व कंटेनर आग के सम्पर्क में आ जायें तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है, वहीं यहां कार्यरत कर्मचारी ग्राहकों से दुर्व्यहार करने में भी पीछे नहीं है। कई बार तो ग्राहको को इनसे जलील होना पड़ता है।

### नाप तौल मे हेरा-फेरी

पेट्रोल पम्पों में उपभोक्ताओं के साथ नापतौल में हेरा-फेरी की जाती है मुनाफा कमाने के लिये यह पेट्रोल पम्प ग्राहकों को लूटने से भी नहीं कतराते और इस पर आजतक किसी भी पेट्रोल पम्प में जिले के आलाधिकारियों द्वारा कोई ठोस नहीं की गई। पेट्रोल पम्पों के मालिक या तो किसी पार्टी तथा संगठन से जुडे है या फिर किसी दूसरी तरह से प्रशासनिक अमले पर इनका दखल है। तभी तो छापा मारी से पहले ही संचालकों को छापे की सूचना मिल जाती है और इससे प्रशासनिक खाना पूर्ति भी हो जाती है। यदि छापे मारी की सूचना पम्प मालिकों को न होती तो जरूर एक दो पेट्रोल पम्पों पर ताला लग गया होता। विभागीय विभीषणों के कारण यह आज भी डंके की चोट पर मनमानी पर उतारू है।

## जनपद खेल मैदान जैतहरी में कराया 100 मी. दौड़ प्रतियोगिता

### रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन




**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की दिशा निर्देश में कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतीउर रहमान एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनूपपुर तन्मय वशिष्ठ शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जिला अनूपपुर इसरार मंसूरी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग के के सोनी एसडीएम जैतहरी अंजली द्विवेदी इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड जैतहरी खेल एवं युवा कल्याण विभाग जैतहरी नशा मुक्ति भारत अभियान के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा 12 जून को जनपद खेल मैदान जैतहरी में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत 100 मीटर की दौड़ कराई गई। एवं चित्रकला भाषण रंगोली इत्यादि प्रतियोगिताएं मिडिल वर्ग हाई स्कूल वर्ग एवं हर सेकेंडरी वर्ग में कराई गई। प्रथम द्वितीय तृतीय आए प्रतिभागियों को प्रतिभागियों को 26 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र एवं मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकासखंड ग्रामीण युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड जैतहरी राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर नशा मुक्ति भारत अभियान के दिनेश कुमार सिंह चंदेल अश्वनी धरनीश द्विवेदी गणेश सहित सभी खिलाड़ियों का पूर्ण सहयोग रहा है। कार्यक्रम का मंच संचालन आयोजक दिनेश कुमार सिंह चंदेल ग्रामीण युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड जैतहरी स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर नशा मुक्ति भारत अभियान के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा किया गया।

# गर्मी ने मचाया कोहराम, न अंदर न बाहर कहीं नही मिल रही राहत

### इतनी गर्मी की घर के अंदर 38 डिग्री तापमान बाहर तो पूछो मत, कूलर-एसी भी हो गए फेल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। बाहर तो बाहर घर के अंदर भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। आलम यह है कि दोपहर को घर के अंदर का तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया है। बाहर तो 42 डिग्री से भी उपर पारा पहुच रहा है। ऐसे में लोगों को घर के अंदर कूलर व एसी भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो पूरा जिला उबल रहा हो। मंगलवार से आषाढ़ का महीना शुरू हो गया है। लेकिन मानसून का अभी तक पता ही नही है। तापमान बढ़ने के साथ ही इन दिनों जिला मुख्यालय सहित कोतमा में दोपहर को लू चलने लगी है। ऐसे में लोग घर या ऑफिस के अंदर कूलर या एसी की हवा खाते बैठे रहने में ही भलाई समझने लगे हैं। इन दिनों दोपहर को घर के बाहर का तापमान 42 तो घर के अंदर का तापमान 38 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में लोगों का बेचैन होना स्वभाविक है। गर्म हवा का असर - मौसम विभाग का कहना है कि गर्म हवा के कारण क्षेत्र का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। यह स्थिति अगले कम से कम तीन से चार दिन तक बनी रह सकती है। इस दौरान तापमान 40 डिग्री के बीच रहने की आशंका है। तेज धूप व गर्मी के कारण लोगों को दिन तो क्या शाम व रात को भी राहत नहीं है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चार दिनों से भीषण उमसभरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान मे पड़ रही



भीषण गर्मी के साथ ही तेज धूप होने के कारण डिहाइड्रेशन के कारण शरीर में पानी की कमी पानी की कमी से चक्कर, सिरदर्द व अन्य परेशानी त्वचा झुलस सकती है, तेज जलन भी संभव है।

### सावधानी की जरूरत

बच्चों को डायरिया, धूप में उल्टी का खतरा ज्यादा होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा पानी दिनभर पीते रहें। घर से बाहर चेहरा, शहीर ढंककर निकलें। ठेले और खोमचों में खाने से बचें। बच्चे और बुजुर्ग दोपहर में बाहर नहीं जाएं। भीषण गर्मी पड़ने के कारण लोगों के द्वारा घर में भी लस्सी व आईसक्रीम बनाई जाने लगी है। गर्मी बढ़ने से लोग इस कदर परेशान हैं कि शाम होते ही गन्ना रस, आईसक्रीम, कुल्फी दुकान या जूस सेंटर पहुंच जाते हैं। दोपहर को दुकान तक जाने की हिम्मत नहीं होने पर घर के अंदर ही लस्सी व आईसक्री बनाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया जा रहा है वहीं रसीने फलों आम, तरबूज, अंगूर व कलिंदर की बिक्री भी बढ़ी है। इन चीजों को खाने से उन्हें कुछ राहत मिलती है। वहीं अब लोग घर में चाय की जगह लस्सी या शर्बत पीने लगे हैं। मेहमानों को भी यही दिया जाने लगा है।

### लगातार बढ़ रही बीमारों की संख्या

गर्मी के कारण लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में बढ़ती भीड़ को देखकर आसानी से जाना सकता है। डॉक्टर भी लोगों को मसालेदार व होटल में खाने की बजाय घर में कम नमक मिर्च वाली खाने को प्राथमिकता देने की बात कह रहे हैं। डाक्टर विकास पाण्डेय का कहना है कि बच्चों, बूढ़ों व बीमार पीड़तिों की विशेष देखभाल करे। दोपहर को लू चलने की स्थिति में लोगों को घर से बाहर निकलने से बचने को कहा है। तेज धूप में लोगों को आवश्यक होने पर ही घर या ऑफिस से बाहर निकलना चाहिए। निकलने से पहले सिर, चेहरा व आंखों को ढंक कर ही निकलना चाहिए। इन दिनों मसालेदार खाना खाने से बचना चाहिए। बच्चों, बुजुर्गों व बीमार पीड़तिों का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम विभाग ने जागरूकता रैली का किया आयोजन

### रैली के माध्यम से बाल श्रम रोकने लोगों को किया गया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में आज विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा अनूपपुर नगर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य समाज में बाल श्रम के विरुद्ध जनमानस को जागरूक करना तथा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा।




रैली अनूपपुर नगर के रेलवे स्टेशन चौराहा से प्रारंभ होकर कोतवाली चौराहा तक निकाली गई, जिसमें श्रम विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यालयों के बच्चों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों तथा जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के दौरान ''बाल मजदूरी बंद करो'', ''शिक्षा का अधिकार सबका अधिकार'', ''बच्चों को कलम दो, कुदाल नहीं'' जैसे प्रेरक नारों से अनूपपुर नगर गूंज उठा। रैली के समापन अवसर पर श्रम पदाधिकारी अनुव्रत देव द्विवेदी ने कहा कि बाल श्रम न केवल बच्चों के वर्तमान को प्रभावित करता है, बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकारमय बनाता है। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग सतत रूप से बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चला रहा है तथा समाज के सभी वर्गों से अपील की गई है कि वे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी बताया कि बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत यदि कोई बाल श्रम करता हुआ पाया जाता है तो संबंधित नियोक्ता के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान करना हम सभी की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे कि ''राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग'', ''मिड डे मील योजना'', ''समग्र शिक्षा अभियान'' आदि बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कर शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए प्रभावी साधन हैं। रैली में जनसामान्य से बाल श्रम की जानकारी मिलने पर तत्काल श्रम विभाग को सूचित करने का आग्रह भी किया गया। रैली में एचएआरडी के समन्वयक श्री सुशील कुमार शर्मा, मोहन पटेल सहित अन्य संबंधित विभाग के विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित थे।

## बाल श्रम समाज के भविष्य के लिए घातक-अपर कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय के सोन सभागार में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने कहा है कि बाल श्रम समाज के भविष्य के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा एवं समुचित मार्गदर्शन देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाल श्रम उन्मूलन हेतु प्रशासन, समाजसेवी संस्थाओं तथा आमजन के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि जनजागरण अभियान के माध्यम से ही इस सामाजिक कुप्रथा को समाप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी गई।



अधिकारियों ने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजित करना दंडनीय अपराध है। अधिनियम के अंतर्गत दोषियों के विरुद्ध कड़ी सजा और आर्थिक दंड का प्रावधान है। कार्यशाला में एचएआरडी के समन्वयक सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि भारत में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजित करना अपराध है। उन्होंने कहा कि गरीबी, अशिक्षा, पारिवारिक जिम्मेदारी, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता बाल श्रम के प्रमुख कारण हैं। श्रम पदाधिकारी अनुव्रत देव द्विवेदी ने बताया कि बाल श्रम बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास को प्रभावित करता है। यह उनके शिक्षा के अधिकार का भी हनन करता है। उन्होंने बताया कि बाल श्रम बच्चों के मानसिक, शारीरिक और नैतिक विकास में बाधक है। इसके रोकथाम के लिए जन-जागरूकता, शिक्षा और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यशाला में अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई तथा लोगों को जागरूक किया गया। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो, महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

## नर्मदा पुष्कर बांध में 24 घंटे का अखंड शिव नाम धुन प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के पुष्कर बांध नर्मदा नदी के पावन तट में पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेंदी के भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा 12 जून आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा मूल नक्षत्र से प्रातः काल 10 बजे से 24 घंटे का शिव नाम धुन अखंड भजन कीर्तन पूरे विधि विधान परंपरागत ढंग से पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हो गया। 24 घंटे का अखंड शिव नाम धुन का आयोजन बेंदी निवासी लाला यादव के द्वारा कराया जा रहा है। उक्त धार्मिक आध्यात्मिक अखंड शिव नाम धुन में लगभग 35 महिला पुरुष भक्त श्रद्धालु गण पूरे भक्ति भाव तन्मयता के साथ नाच गाकर भजन कीर्तन कर रहे हैं इस दौरान भक्त श्रद्धालु गण भजन कीर्तन में पूर्णतया तल्लीन हो जाते हैं वाद्य यंत्र बजाकर तथा साउंड बॉक्स के साथ नाच गाकर शिव नाम धुन का उच्चारण कर रहे हैं। इस दौरान सभी मंडली के सदस्य भाव विभोर होकर नृत्य करते हैं तथा घूम-घूम कर शिव नाम धुन बोलते हैं। भक्त प्रेमियों की भीड़ लगी हुई है। उल्लेखनीय है कि पुष्कर बांध के नर्मदा तट में 24 घंटे का अखंड भजन कीर्तन शिव नाम धुन में बेंदी ग्राम के भक्त श्रद्धालु गणों में प्रमुख रूप से शिवनाथ मार्को दादूराम सिंह अर्जुन यादव भानु प्रताप सिंह रामचरण सिंह श्याम रामकुमार यादव तिहारू सिंह तथा दारा सिंह सोसाइटी कर्मचारी आदि प्रमुखता से शामिल हैं।



आयोजन कर्ता लाला यादव ने बताया कि वह शारीरिक रूप से परेशान थे मान्यता की थी वह ठीक हो जाएगा तो शिव नाम धुन का आयोजन पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के पावन तट में करवाऊंगा। इसी उद्देश्य से यह अखंड शिव नाम धुन किया जा रहा है आज 12 बजे पूजन अर्चन हवन तथा भोजन प्रसादी के बाद समाप्त होगा।